MB-6

निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

प्रखण्ड कार्यालय : लदनियां

निरीक्षण की तिथि : 11–12–2002

डा० बी० राजेन्दर
भा० प्र० से०
जिला पदाधिकारी,
मधुबनी

डा० बी०राजेन्दर, भा.प्र.से., जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा दिनांक 11.12.2002 को प्रखंड कार्यालय, लदनियाँ का किये गये निरीक्षण की अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी ।

§1§ परिचय :-

लदनियाँ प्रखंड उत्तरी गोलार्ध में 26° 29"-26° 37" उत्तरी अक्षांश एवं 86° 12-86° 24" पूर्वी देशान्तर में भारत-नेपाल सीमा पर मधुबनी जिला के जयनगर अनुमंडल अन्तर्गत सुदूर क्षेत्र में अवस्थित है । इसके उत्तर में भारत-नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा लगभग 21 कि०मी० में व्याप्त है । दक्षिण में सदर अनुमंडल, मधुबनी के बाबूबरही प्रखंड की सीमा, पूरब में फुलपरास अनुमंडल के घुटौना प्रखंड की सीमा एवं पश्चिम में जयनगर प्रखंड की सीमा अवस्थित है ।

जिला मुख्यालय से इस प्रखंड मुख्यालय की दूरी 65 कि०मी० तथा जयनगर अनुमंडल मुख्यालय से इस प्रखंड को दूरी 21 कि०मी० है । इस प्रखंड की स्थापना वर्ष 1956 में सामुदायिक विकास प्रक्रम के तहत हुई ।

निरीक्षण के समय अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, लदनियाँ उपस्थित थे । इस प्रखंड का नाम लदनियाँ क्यों पड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि लोकोक्ति के अनुसार यहाँ चावल व्यापार का काम होता था तथा बाहर के व्यापारियों द्वारा यहाँ से चावल लाद कर ले जाया जाता था इसलिए इस जगह का नाम लदनियाँ रखा गया । इस प्रखंड से संबंधित अन्य सूचनाएँ निम्नवत है :-

§क§ कुल जनसंख्या §2001 के जनगणना के अनुसार§	:	1,37,290
पुरुष	:	70,777
महिला	:	66,513
कुल साक्षरों की संख्या	:	41,095
पुरुष साक्षर	:	31,288
महिला साक्षर	:	9,807
§ख§ महाविद्यालय/विद्यालयों की संख्या	:	
प्राथमिक विद्यालय	:	76

§क्र०पृ०-2...

मध्य विद्यालय	:	17
उच्च विद्यालय	:	6
संस्कृत विद्यालय	:	7
(ग) प्रखंड का क्षेत्रफल	:	18,385.04 हेक्टेयर
(घ) कुल हल्का की संख्या	:	8
(च) कुल राजस्व ग्राम की संख्या	:	28
(छ) कुल बेचिरागी ग्राम की संख्या	:	शुन्य
(ज) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	:	1
(झ) अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	:	3
(ट) स्वास्थ्य उपकेन्द्र	:	17
(ठ) थाना	:	1
(ड) पशुचिकित्सालय	:	3
(ढ) कुल पंचायतों की संख्या	:	15
(त) सहकारिता पैक्स	:	8
(थ) कृषि योग्य भूमि	:	29,885.67 एकड़
(द) जिला परिषद सदस्यों की संख्या	:	2
(ध) पंचायत समिति सदस्यों की संख्या	:	21
(न) ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या	:	213

(2) भवन :-

प्रखंड कार्यालय अपने सरकारी भवन में अवस्थित है । इसी भवन के एक भाग में अंचल कार्यालय भी कार्यरत है । प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सभी कमरे की स्थिति अत्यन्त ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था

क्र०पृ०३०-3..

में है । इसकी मरम्मति की आवश्यकता है । प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष के सामनेवाले कमरे में पुराना लकड़ी का बोर्ड, लोहा आदि यत्र-तत्र रखा हुआ पाया गया । लगता है इस पर कई वर्षों से लोगों की नजर नहीं गयी है । प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुचि का अभाव स्पष्टतः से परिलक्षित होता है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को आदेश दिया जाता है कि वे जो भी लोहा, पुराना सामान हैं, यदि वह उपयोग के लायक हैं तो उसका उपयोग करें अन्यथा नियमानुसार उसकी नीलामी कर दें । प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया । इस कक्ष में पुराना सामान, दवा जो काम के लायक नहीं है रखा हुआ है । पुराने कागजात, अभिलेख में दीमक लगा हुआ है । जितने भी अच्छे कागजात हैं, हाँथ लगाते फट जाता है इस प्रकार इसका कोई महत्व नहीं रह जाता है । प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को आदेश दिया जाता है कि वे कमरे में उपलब्ध पुराने कागजात को छाँट लें यदि कोई महत्वपूर्ण कागजात है तो उसे वर्षवार सिलसिलेवार ढ़ंग से सजाकर कमरे में रखें, यदि पुराना कागजात जो उपयोग के लायक नहीं है तो उसे सूची बनाकर विनिष्ट कर दें । इसी कमरे में पंचायत निर्वाचन से संबंधित पुराने कागजातों के अतिरिक्त राशन कार्ड रखा हुआ पाया गया । आपूर्ति निरीक्षक को आदेश दिया जाता है कि वे इन राशन कार्डों की सूची तैयार करें तथा इसका वितरण कराना सुनिश्चित करें ।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि वे लदनियाँ प्रखंड जाकर राशन कार्ड एवं बी०पी०एल० के तहत खाद्यान्न वितरण संबंधी पूर्ण सूचना के साथ प्रतिवेदन शीघ्र अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ समर्पित करें ।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया गया । प्रकोष्ट में पदाधिकारियों के पदस्थापन सूची नहीं लगा पाया गया । प्रखंड विकास पदाधिकारी को आदेश दिया जाता है कि वे एक सप्ताह के अंदर पदाधिकारियों के पदस्थापन सूची तैयार कराकर कार्यालय प्रकोष्ट में लगवा दें ।

(3) पूर्व निरीक्षण :-

इस प्रखंड का पूर्व में निम्नांकित निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है :-

क्रमांक	निरीक्षी पदाधिकारी का पदनाम	निरीक्षण की तिथि।	निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति की तिथि	अनुपालन की तिथि।
1	2	3	4	5
1:	आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा-	20.10.74	02.12.74	31.12.74
2:	आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा-	21.03.79	30.04.79	19.05.79
3:	आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा-	09.10.80	15.11.80	18.12.80
4:	जिला पदाधिकारी, मधुबनी-	19.06.87	15.07.87	31.12.87
5:	जिला पदाधिकारी, मधुबनी-	12.03.92	04.05.92	22.06.92
6:	जिला पदाधिकारी, मधुबनी-	06.07.96	13.07.96	31.08.96
7:	उप विकास आयुक्त, मधुबनी-	04.03.82	03.04.82	09.10.82
8:	उप विकास आयुक्त, मधुबनी-	22.05.93	29.07.93	28.08.93
9:	उप विकास आयुक्त, मधुबनी-	20.04.96	24.06.96	18.11.96
10:	उप विकास आयुक्त, मधुबनी-	20.12.00	18.01.01	17.03.01
11:	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी-	06.02.79	19.03.79	20.09.79
12:	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी-	28.11.79	12.12.79	09.02.80
13:	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी-	19.12.80	13.02.81	12.11.81
14:	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी-	18.09.91	07.10.91	10.11.91
15:	अनुमंडल पदाधिकारी, मधुबनी-	20.02.91	26.02.91	20.03.91
16:	अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर-	11.03.92	18.04.92	19.05.92
17:	अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर-	15.02.93	12.03.93	10.05.93
18:	अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर-	26.04.94	12.12.94	06.04.95से 27.08.95

क्र0पृ0उ0-5...

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस प्रखंड का निरीक्षण तालिका में अंकित तिथियों में विभिन्न निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा किया गया है । सभी निरीक्षी पदाधिकारियों की निरीक्षण टिप्पणी के संधारण हेतु अलग-अलग रक्षी संचिका संधारित है ।

तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 1996 के बाद से जिला पदाधिकारी द्वारा इस प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है । उप विकास आयुक्त, मधुबनी द्वारा 2000 के बाद से, जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा 1991 के बाद से, अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर द्वारा 1994 के बाद से इस प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है ।

तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारीद्वारा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी जो प्रखंड कार्यालय के नियंत्री पदाधिकारी हैं, को वर्ष में कम से कम दो बार अपने कार्यालय का निरीक्षण किया जाना है । इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी को वर्ष में दो बार प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगें ।

§4§ प्रभार :-

श्री जनक किशोर प्रसाद, बि०प्र०से० दिनांक 15.01.01 से प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं । इनके पूर्व श्री गोपाल कृष्ण परमहंस, बि०प्र०से० प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे । श्री अरूण कुमार दास सहायक, प्रधान सहायक के प्रभार में हैं तथा श्री महारूद्र झा, कनीय लेखा लिपिक दिनांक 21.12.2001 से प्रखंड नाजिर के प्रभार में हैं ।

§5§ स्थापना :-

इस प्रखंड में पदाधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य स्थापना से संबंधित स्वीकृत बल की स्थिति निम्नप्रकार है :-

क्र०पृ०उ०-6 ...

क्रमांक	पदनाम	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	रिक्ति	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1:	प्रखंड विकास पदाधिकारी	1	1	×	
2:	प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी	1	1	×	
3:	प्रखंड कल्याण पदाधिकारी	1	1	×	
4:	प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी	1	1	×	
5:	प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी	1	1	×	
6:	प्रखंड कृषि पदाधिकारी	1	×	1	
7:	ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक	1	1	×	
8:	प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी	1	1	×	
9:	महिला प्रसार पदाधिकारी	1	×	1	
10:	श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी	1	1	×	
11:	प्रसार पदाधिकारी§उद्योग एवं वाणिज्य§	1	1	×	
12:	सहायक अभियन्ता	1	1	×	
13:	कनीय अभियन्ता	2	1	1	
14:	प्रधान सहायक	1	×	1	
15:	पत्राचार लिपिक	3	3	×	
16:	लेखा लिपिक	1	×	1	
17:	कनीय लेखा लिपिक	1	1	×	
18:	सहायक§श्रम-नियोजन§	1	1	×	

कृ० पृ० उ०-7 ...

1	2	3	4	5	6
19:	जनसेवक	8	2	6	
20:	पंचायत सेवक	15	10	5	
21:	ग्राम सेविका	2	1	1	
22:	उर्दू अनुवादक	1	1	×	
23:	सहायक उर्दू अनुवादक	1	1	×	
24:	उर्दू टंकक	1	×	1	
25:	चालक	1	1	×	
26:	अनुसेवक	5	4	1	
27:	झाडूकश	1	1	×	

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी का एक पद, महिला प्रसार पदाधिकारी का एक पद, कनीय अभियन्ता का एक पद, प्रधान सहायक का एक पद, लेखा लिपिक का एक पद, जनसेवक का छः पद, पंचायत सेवक का पाँच पद, ग्राम सेविका का एक पद, उर्दू टंकक का एक पद एवं अनुसेवक का एक पद रिक्त है । स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि इस प्रखंड में रिक्त सरकारी सेवकों के पदस्थापन हेतु सरकार को भेजे जानेवाले पत्र का प्रारुप अधोहस्ताक्षरी के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करेंगें । इसी प्रकार महिला प्रसार पदाधिकारी एवं ग्राम सेविका के रिक्त पद पर पदस्थापन हेतु प्रस्ताव संचिका के माध्यम से सहायक परियोजना पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मधुबनी अधोहस्ताक्षरी के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करेंगें ।

कृ० पृ० उ०-8 ...

(6) स्टाफ पंजी :-

इस प्रखंड में यह पंजी संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इसमें प्रखंड में कार्यरत सभी कोटि के
सरकारी सेवकों के बारे में विस्तृत सूचनाएँ अंकित रहती है । इसे निम्नांकित विहित प्रपत्र में संधारित करने का निदेश
दिया जाता है ।

क्रमांक	नाम/पदनाम	पिता/पति का नाम	पूर्ण पता	जन्म तिथि	नियुक्ति का आदेश संख्या एवं तिथि	प्रखंड में पदस्थापन की तिथि ।
1	2	3	4	5	6	7

सेवा में योगदान की तिथि	जाति (अनु०जाति/जन जाति/पिछड़ावर्ग/सामान्य)	सेवानिवृत्ति की तिथि ।	योगदान से लेकर अबतक कहाँ-कहाँ पदस्थापित रहे	दो निकटतम संबंधियों का पता
8	9	10	11	12

अभ्युक्ति
13

प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि उपर्युक्त विहित प्रपत्र में प्रखंड में कार्यरत सभी कोटि
के सरकारी सेवकों के बारे में सूचनाएँ एक पंजी में संधारित कराना सुनिश्चित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेजें ।

इस प्रखंड में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मचारियों का नाम/पदनाम/स्थायी पता एवं प्रखंड में योगदान देने
की तिथि निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	नाम	पदनाम	स्थायी पता	योगदान की तिथि
1	2	3	4	5
1-	श्री जयकिशोर प्रसाद	प्रखंड विकास पदाधिकारी		15.01.01

कृ० पृ० 30-9 ...

2-	डा० संजय कुमार	प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी	ग्राम-गोपालपुर पो०-मोहम्मदपुर थाना-विक्रम, जिला-पटना
3-	श्री रामाशीष यादव	प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी	ग्राम-काकरघाटी, पो०-भुसकौल जिला-दरभंगा ।
4-	श्री शीतलप्रसाद बर्मा	प्रखंड कल्याण पदाधिकारी	ग्राम-एकमा, पो०एकमा, जिला-मधुबनी ।
5-	श्री बैकुण्ठ सिंह	श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी	ग्राम-नगवाँ, पो०चोरौली भाया-बसंतपुर, जिला-सीवान
6-	श्री चन्द्रेश्वरनारायण सिंह	ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक	ग्राम-तुरीमुहल्ला, पो०-आरा वार्ड नं०-6. जिला-भोजपुर ।
7-	श्री राजीव कुमार	प्रसार पदा०(उद्योग एवं वाणिज्य)	ग्राम-हवीबअलीपुर, पो०मोदनगंज जिला-जहानाबाद, पी०-804408
8-	श्री अभय कुमार	प्रखंड सहकारिता प्र० पदा०	ग्राम-फारबिसगंज, पो०-फारबीसगंज जिला-अररिया ।
9-	श्री ताराकान्त मिश्र	पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक	ग्राम-हनुमाननगर, पो०-बाबूबरही जिला-मधुबनी ।
10-	श्री हीरालाल साह	कनीय अभियन्ता	ग्राम-पो०तिरहुता, जिला-मधुबनी
11-	श्री धर्मेन्द्र प्रसाद	सहायक अभियन्ता	ग्राम-पो०-एकंगरसराय, जिला-नालन्दा ।
12-	श्री अरुण कुमार दास	सहायक	ग्राम-बिस्टोल पो०-नवानी, जिला-मधुबनी ।
13-	मो० अताउल्लाह	उर्दू अनुवादक	ग्राम-पो०-काको जिला-जहानाबाद ।
14-	मो० आदिल	सहायक उर्दू अनुवादक	मो०-फरीदाबाद वार्ड नं०-4 पो०-जिला-मधेपुरा ।
15-	श्री महारुद्र झा	कनीय लेखा लिपिक	ग्राम-पो० नवादा, भाया-बहेरा जिला-दरभंगा ।
16-	श्री श्रवण कुमार मिश्र	सहायक	ग्राम-पो०-बिजयी, थाना-पण्डौल जिला-मधुबनी ।
17-	श्री रामसेवक राउत	सहायक	ग्राम-पो०-नगवास, थाना-अरेर जिला-मधुबनी ।

कृ० पृ० उ०-10 ...

18- मो० जाकिर हुसैन	सहायक	ग्राम-रुवोल, पो०बथने, जिला-मधुबनी
19- श्रीमती रीता कुमारी	ग्रामसेविका	ग्राम-बेलाराही, झंझारपुर, जिला-मधुबनी
20- श्री रामपरीक्षा झा	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-बऊआर, जिला-मधुबनी ।
21- श्री मौजेलाल मोची	पंचायत सेवक	ग्राम-सोनबरसा, पो०-लौकही, जिला-मधुबनी
22- श्री हरिनन्दन मंडल	पंचायत सेवक	ग्राम-नहरी, पो०लौकही, जिला-मधुबनी
23- श्री दूलकित मोची	पंचायत सेवक	ग्राम-सोल्पुर, नरहिया, पो०नरहियाबाजार जिला-मधुबनी ।
24- श्री महेश्वर शर्मा	पंचायत सेवक	ग्राम-मझौड़ा पो०दुबही मैनापुर, जिला-मधुबनी ।
25- श्री जयप्रकाश सिंह	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-कसमामरार, जिला-मधुबनी
26- श्री शिवराम प्रसाद	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-बरही, जिला-मधुबनी
27- श्री बिन्देश्वर दूबे	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-बासोपट्टी, जिला-मधुबनी
28- श्री राजेश्वर मंडल	पंचायत सेवक	ग्राम-डूमरा, पो०-लौकही धनछीहा जिला-मधुबनी ।
29- श्री अनिल कुमार साहू	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-धूजना, भाया-नरहिया जिला-मधुबनी ।
30- श्री बासुदेव प्र०सिंह	जनसेवक	ग्राम-मनिअरबा, पो०-खजौली जिला-मधुबनी ।
31- श्री राजदेव प्र०सिंह	जनसेवक	ग्राम-परबा, पो०-जयनगर, जि०-मधुबनी
32- श्री शोभाकान्त ठाकुर	जीपचालक	ग्राम-पो०-पद्मा, जिला-मधुबनी ।
33- श्री रामसेवक यादव	अनुसेवक	ग्राम-कोरहिया, थाना-जयनगर, जि०-मधुबनी
34- श्री निरस सिंह	अनुसेवक	ग्राम-तेनगाहा राजनपुर, पो०-खजौली, जिला-मधुबनी ।
35- श्री मधुराम यादव	अनुसेवक	ग्राम-ठेंगहा राजनपुर पो०-खजौली, जिला-मधुबनी ।
36- श्री पीताम्बर झा	अनुसेवक	ग्राम-खराज पो०-छाछा थाना-क्योटी जिला-दरभंगा ।
37- श्री रामेश्वर राम	ड्राइवर	ग्राम-पो०-लदनियाँ, जिला-मधुबनी ।

कृ० पृ० उ०-11 ...

(7) सेवापुस्त :-

सेवापुस्तिका अनुसूची-53 फार्म-80 ए0जी0बी0 फार्म नं0-239 प्रपत्र में संधारित है । इस प्रखंड में पदस्थापित कुल 36 कर्मचारियों के विरुद्ध मात्र 24 कर्मचारियों का सेवापुस्त उपलब्ध है । श्री अरुण कुमार दास, सहायक का सेवा सत्यापन वर्ष 1999 के बाद नहीं किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे श्री दास का सेवा सत्यापन नियमानुसार करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगें । प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा यांत्रिकरूप से सेवा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है, जो गम्भीर विषय है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में सेवापुस्त के सत्यापन के समय निम्नांकित बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय (1) सेवा में टूट तो नहीं है (2) अर्जित अवकाश का लेखा अद्यतन किया गया है अथवा नहीं (3) सरकारी सेवक के विरुद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी तो नहीं की गयी है (4) जन्म तिथि सही ढंग से अंकित किया गया है अथवा नहीं (5) नियुक्ति पत्र की पुनः जाँच कर ली जाय । सेवापुस्त के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि संबंधित सरकारी सेवकों के सेवापुस्त में अवकाश लेखा का इन्दराज किया गया है, जो एक सराहनीय कदम है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि जिन सरकारी सेवकों का सेवापुस्त उनके पूर्व पदस्थापन स्थान से अप्राप्त है, वहाँ के संबंधित पदाधिकारियों को अविलम्ब पत्र निर्गत करें एवं विशेषदूत की प्रतिनियुक्ति कर सेवापुस्त एक सप्ताह के अंदर मंगाना सुनिश्चित करें । स्थानान्तरण के पश्चात जिन कर्मचारियों का सेवापुस्त संबंधित कार्यालय को नहीं भेजा गया है, सेवापुस्त अविलम्ब भेजना सुनिश्चित करें ।

(8) भविष्य निधि पासबुक :-

प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रखंड में कार्यरत सभी सरकारी सेवकों का भविष्य निधि पासबुक संधारित है, परन्तु यह माह नवम्बर, 02 तक ही अद्यतन है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि वे सभी सरकारी सेवकों का भविष्य निधि पासबुक को एक सप्ताह के अंदर अद्यतन कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगें । इसके अतिरिक्त सभी कोटि के सरकारी सेवकों का भविष्य निधि कटौती विवरणी जिला भविष्य निधि कार्यालय को एक सप्ताह के अंदर अनिवार्यरूप से भेजना सुनिश्चित करेंगें ।

कृ0 पृ0 उ-12 ...

[9] वेतन वृद्धि पंजी :-

इस प्रखंड में वेतन वृद्धि पंजी संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इस पंजी के संधारण करने से यह पता चल सकेगा कि किस कर्मचारी को कब वेतन वृद्धि देय है । इससे समय पर उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इसे 15 दिनों के अंदर संधारित करवाकर अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगे ।

[10] सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी सूचना पंजी :-

इस प्रखंड में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी पंजी संधारित नहीं है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि सेवानिवृत्त होनेवाले सरकारी सेवकों के लिए एक पंजी संधारित करें जिसमें इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि अमुक सरकारी सेवक किस तिथि को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, ताकि सेवानिवृत्त होने से पहले ही उनके सभी लंबित दावा का निपटारा किया जा सके । सरकारी नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथि को ही सेवानिवृत्त से संबंधित सभी लंबित दावा का भुगतान कर दिया जाना है । प्रखंड विकास पदाधिकारी भविष्य में इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे ।

[11] प्रतिभूति बंध पत्र :-

प्रतिभूति बंध पत्र इस कार्यालय में संधारित नहीं है, जो आश्चर्य का विषय है । यह एक महत्वपूर्ण विषय है । बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-232 एवं बिहार वित्त नियमावली के भाग-1, प्रकरण-8, नियम-24 तथा बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-208 एवं 210 में दिए गए निदेश के अनुसार संबंधित कर्मचारियों से जमानत की राशि एवं जामिनी बंध-पत्र, जिनके जिम्मे नकद या सामग्रियों की अभिरक्षा सौंपी जाती है, प्राप्त किया जायेगा । इसके लिए एक पंजी होगी, जो पंजी-73 कही जायेगी । यह जमानत की राशि समाहर्त्ता के पदनाम से बंध पत्र रहेगा तथा जामिनी बंध पत्र बिहार राज्यपाल के नाम से विहित प्रपत्र में देना है । नियमानुसार प्रखंड नाजीर को 500/-रु0 [पाँच सौ रुपये] एवं प्रधान सहायक को 250/-रु0 [दो सौ पचास रुपये] जमानत के रूप में जमा करना है । प्रखंड विकास पदाधिकारी इसका अनुपालन तीन दिनों के अंदर करवाकर

क्र0 पृ0 उ0-13 ...

अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगें । इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि संबंधित कर्मचारी/नाजीर अगर सरकारी राशि का गबन करता है तो उनके पैतृक सम्पत्ति एवं अन्य सम्पत्ति से राशि की वसूली की जा सके ।

(12) अनुक्रमणी पंजी :-

जिला कार्यालय से अनुक्रमणिका संधारण के संबंध में दिए गए संग्रहण के अनुसार विहित प्रपत्र में यह पंजी संधारित किया गया है । कुल 58 विषयों पर संचिकाएँ खोली गयी है ।

(13) प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी :-

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 8 खण्ड (I) एवं (II) के आलोक में पत्रावार केलिए प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी दो-दो भागों(क्रमशः साधारण एवं मुख्य) में संधारण किया जाना है,जो पंचांग वर्ष के प्रथम में खोली जायेगी । निरीक्षण हेतु तैयार किए गए प्रतिवेदन के अवलोकनोपरान्त प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की विगत तीन वर्षों की स्थिति निम्न प्रकार है :-

वर्ष	प्राप्त पत्रों की संख्या		निर्गत पत्रों की संख्या	
	साधारण	मुख्य	साधारण	मुख्य
2000-	1215	43	1499	35
2001-	1687	40	1259	108
2002(11.12.02तक)	1199	347	1508	67

प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी का अवलोकन किया । प्राप्त पत्रों की पंजी के कॉलम 6 से 11 तक नहीं भरा गया है । इसी प्रकार निर्गत पत्रों की पंजी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि पंजी के कॉलम 4 से 10 तक नहीं भरे गए हैं,जो खेदजनक है । यह प्रधान सहायक का कर्त्तव्य है कि जो पत्र कार्यालय में प्राप्त होते हैं,उसे ध्यानपूर्वक पढ़ने के पश्चात

क्रमशः-14 ...

उस पर अनुक्रमणी संख्या लिखें एवं संबंधित सहायक के कर्मपुस्त में दे दें । प्राप्त पत्रों की पंजी का अवलोकन किया । क्रमांक 126। पर अंकित पत्र संख्या 796 दिनांक 18.10.02 को प्राप्त हुआ है । यह पत्र किस संचिका में रखा गया, स्पष्टरूप से अंकित नहीं है जो गम्भीर बात है । ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधान सहायक द्वारा मात्र खानापूरी के तौर पर इसका संधारण किया जाता है । प्राप्त एवं निर्गत पत्राचार कार्यालय का हृदय होता है । यह प्रधान सहायक की जिम्मेबारी है कि भेजे गए पत्रों की संख्या एवं तारीख प्राप्त पत्रों की पंजी अंकित करें ताकि प्रथमदृष्टया पंजी के अवलोकन से यह प्रतीत हो कि जो पत्र प्राप्ति हो रहे हैं, उसका प्रत्युत्तर भी भेजा जा रहा है ।

प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी संधारण करनेबाले सहायक का यह मुख्य दायित्व है कि प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9 एवं 10 तथा निर्गत पत्रों की पंजी के स्तम्भ 7 एवं 8 को सही ढ़ंग से भरना सुनिश्चित करें । प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9, 10 जिन पत्रों का जबाब मांगा जाए, उसके सामने के स्तम्भ में खाली छोड़ दिया जाना चाहिए और जिन पत्रों का जबाब नहीं मांगा गया है, उसके सामने के स्तम्भ 9 एवं 10 में उत्तर अनावश्यक लिख दिया जाना चाहिए । इससे लम्बित पत्रों की सूची तैयार करने में सहुलियत होती है । किसी भी परिस्थिति में बिना अनुक्रमणी के प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की प्रविष्टि नहीं करें ।

§14§ लम्बित पत्रों की पंजी :-

सहायकबार लम्बित पत्रों की बिबरणी तैयार की गयी है । बिबरणी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री अरुण कुमार दास, प्रधान सहायक के जिम्मे 4, मो० अताउल्लाह, उर्दू अनुबादक के जिम्मे 4, मो० आदिल, उर्दू अनुबादक के जिम्मे 2, श्री महारुद्र झा, नाजीर के जिम्मे 2, श्री श्रबण कुमार मिश्र, सहायक के जिम्मे 1, श्री रामसेबक राउत, सहायक, के जिम्मे3, एवं मो० जाकीर हुसैन, सहायक के जिम्मे 2 याने कुल 18 पत्र लम्बित दिखलाए गए हैं । यह पत्र कितने अबधि से लम्बित पड़े हैं, के बारे में बिबरणी में सूचना अंकित नहीं की गयी है । प्रखंड बिकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे इस संबंध में प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मनतव्य सहित अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करेंगे ।

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 34§ए§ के अनुसार प्रत्येक लम्बित पत्र केलिए लूज सीट पर अलग-अलग सूची

कृ० पृ० उ०-15 ...

उस पर अनुक्रमणी संख्या लिखें एवं संबंधित सहायक के कर्मपुस्त में दे दें । प्राप्त पत्रों की पंजी का अवलोकन किया । क्रमांक 126। पर अंकित पत्र संख्या 796 दिनांक 18.10.02 को प्राप्त हुआ है । यह पत्र किस संचिका में रखा गया, स्पष्टरूप से अंकित नहीं है जो गम्भीर बात है । ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधान सहायक द्वारा मात्र खानापूरी के तौर पर इसका संधारण किया जाता है । प्राप्त एवं निर्गत पत्रावार कार्यालय का हृदय होता है । यह प्रधान सहायक की जिम्मेबारी है कि भेजे गए पत्रों की संख्या एवं तारीख प्राप्त पत्रों की पंजी अंकित करें ताकि प्रथमदृष्टया पंजी के अवलोकन से यह प्रतीत हो कि जो पत्र प्राप्ति हो रहे हैं,उसका प्रत्युत्तर भी भेजा जा रहा है ।

प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी संधारण करनेवाले सहायक का यह मुख्य दायित्व है कि प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9 एवं 10 तथा निर्गत पत्रों की पंजी के स्तम्भ 7 एवं 8 को सही ढंग से भरना सुनिश्चित करें । प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9, 10 जिन पत्रों का जवाब मांगा जाए,उसके सामने के स्तम्भ में खाली छोड़ दिया जाना चाहिए और जिन पत्रों का जवाब नहीं मांगा गया है,उसके सामने के स्तम्भ 9 एवं 10 में उत्तर अनावश्यक लिख दिया जाना चाहिए । इससे लम्बित पत्रों की सूची तैयार करने में सहुलियत होती है । किसी भी परिस्थिति में बिना अनुक्रमणी के प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की प्रविष्टि नहीं करें ।

(14) लम्बित पत्रों की पंजी :-

सहायकबार लम्बित पत्रों की बिबरणी तैयार की गयी है । बिबरणी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री अरुण कुमार दास,प्रधान सहायक के जिम्मे 4,मो0 अताउल्लाह,उर्दू अनुबादक के जिम्मे 4,मो0 आदिल,उर्दू अनुबादक के जिम्मे 2,श्री महारुद्र झा,नाजीर के जिम्मे 2,श्री श्रबण कुमार मिश्र,सहायक के जिम्मे 1,श्री रामसेबक राउत,सहायक,के जिम्मे3,एवं मो0 जाकीर हुसैन,सहायक के जिम्मे 2 याने कुल 18 पत्र लम्बित दिखलाए गए हैं । यह पत्र कितने अबधि से लम्बित पड़े हैं,के बारे में बिबरणी में सूचना अंकित नहीं की गयी है । प्रखंड बिकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे इस संबंध में प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मन्तव्य सहित अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करेगें ।

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 34(ए) के अनुसार प्रत्येक लम्बित पत्र केलिए लूज सीट पर अलग-अलग सूची

कृ0 पृ0 उ0-15 ...

तैयार करनी है । साथ ही इसके लिए एक अलग केन्द्रीय पंजी भी संधारित करना चाहिए । लम्बित पत्रों की सूची प्रत्येक माह की 10 वीं तारीख तक अनिवार्यरूप से घोषणा हो जाना चाहिए । पंजी में प्रतिवेदित माह की लम्बित पत्रों की प्रविष्टि करने से पूर्व गत माह के जितने पत्र लम्बित रह गये हों, उसे लाल स्याही से अगले माह में अग्रपित कर लाया जाना चाहिए और प्रतिवेदित माह के लम्बित पत्रों की प्रविष्टि करने से पूर्व गत माह के जितने पत्र लम्बित रह गये हों, उसे लाल स्याही से अगले माह में अग्रपित कर लाया जाना चाहिए।और प्रतिवेदित माह के लम्बित पत्रों की प्रविष्टि काली स्याही से किया जाना चाहिए । उक्त पंजी को निम्नांकित प्रपत्र में सहायकवार सारांश बनाना चाहिए :- (1) गत माह तक लम्बित पत्रों की संख्या (2) प्रतिवेदित माहमें प्राप्त पत्रों की संख्या (3) प्रतिवेदित माह में निष्पादित पत्रों की संख्या (4) लम्बित पत्रों की संख्या (5) अभ्युक्ति । इसके बाद यह भी स्तम्भ बनाना सुनिश्चित करें कि एक वर्ष से ऊपर, नौमाह से ऊपर, छःमाह से ऊपर, एक माह से ऊपर एवं एक माह के अंदर की संख्या अंकित करेंगें । निष्पादन का अर्थ है कि अन्तिम रूप से जबाव निर्गत कर देना ।

(15) कर्मपुस्तिका :-

प्रखंड में कार्यरत सभी सहायकों द्वारा कर्मपुस्तिका का संधारण किया गया है । निरीक्षण के क्रम में सहायकों द्वारा संधारित कर्मपुस्तिका का अबलोकन किया । मो0 अताउल्लाह.उर्दू अनुवाद का कर्मपुस्त सबसे अच्छा है । श्री अरुण कुमार दास.सहायक, श्री श्रवण कुमार मिश्र, सहायक एवं श्री रामसेबक राउत का कर्मपुस्त का अबलोकन किया । कर्मपुस्त के अबलोकन से ज्ञात हुआ कि दिनांक 28.11.02 के बाद से इन सहायकों के कर्मपुस्त में एक भी पत्र का प्रविष्टि नहीं किया गया है, जो बिश्बसनीय प्रतीत नहीं होता है । प्रखंड बिकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि बे इस बिन्दु की विस्तृत समीक्षा कर बिषय-बस्तु से अधोहस्ताक्षरी को एक सप्ताह के अंदर अबगत कराना सुनिश्चित करेंगें ।

(16) कार्य पत्रक :-

इस प्रखंड में सभी सहायकों द्वारा यह तालिका संधारित किया गया है । तालिका को संबंधित सहायक

क्र0 पृ0 उ0-16

के बैठने के पीछे के स्थान के ऊपर दीवाल पर टंगा हुआ पाया गया । यह एक महत्वपूर्ण तालिका है । इसके अवलोकन से पता चलता है कि किस सहायक द्वारा किस विषय से संबंधित संचिका का निष्पादन किया जाता है ।

[17] प्रधान सहायक नोटबुक :-

प्रधान सहायक द्वारा प्रधान सहायक नोटबुक संधारित किया जा रहा है ।

[18] रक्षी संचिका :-

कार्यालय द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित रक्षी संचिका का संधारण किया जा रहा है । यह एक महत्वपूर्ण विषय है । बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-60 एवं 120 के अनुसार रक्षी संचिका का संधारण किया जाना है । यह विषयवार तैयार करना चाहिए । राज्य सरकार एवं जिला मुख्यालय से समय-समय पर जो महत्वपूर्ण परिपत्र/अनुदेश आदि प्राप्त होते हैं,उसे विषयवार अलग-अलग संधारित करना है एवं प्रत्येक रक्षी संचिका के प्रथम पृष्ट पर अनुक्रमणिका भी दिया जाना आवश्यक है । यह रक्षी संचिका सभी संबंधित सहायक के पास विषयवार रहनी चाहिए ताकि दिये गये मार्ग निर्देश के अनुरूप वे अपने कार्यों का निपटारा नियमानुसार कर सकें । प्रखंड विकास पदाधिकारी इसका अनुपालन करायेंगे ।

[19] प्रतिवेदन एवं विवरणी :-

इस प्रखंड में प्रतिवेदन एवं विवरणी तालिका का संधारण किया जा रहा है,जो प्रसंशनीय है । इस तालिका की एक प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में कूट पर साटकर दीवाल पर टंगवा दिया जाय ताकि उन्हें भी इसकी जानकारी मिल सके कि कौन-कौन सा प्रतिवेदन कब-कब भेजा गया अथवा कब भेजा जाना है ।

[20] अवकाश पंजी :-

वर्ष 2002 के लिए आकस्मिक अवकाश पंजी संधारित है जो अद्यतन पंजीकृत है ।

[21] पंजियों की पंजी :-

इस प्रखंड में यह पंजी संधारित की गयी है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है, जिसमें इस बात का उल्लेख रहता है कि कार्यालय में कितने प्रकार के पंजियों का संधारण किया जाता है ।

[22] अस्थिति पंजी :-

यह पंजी विहित प्रपत्र में संधारित है ।

[23] कैलेन्डर पंजी :-

यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इस प्रखंड में यह पंजी संधारित है एवं प्रखंड नाजीर का फोटो भी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कराकर साटा गया है ।

[24] चपरासी पंजी :-

यह पंजी संधारित है ।

[25] विधान सभा/लोक सभा प्रश्नों की पंजी :-

इस प्रखंड में यह पंजी संधारित है, परन्तु सही ढंग से संधारित नहीं किया गया है । वर्षवार कितने प्रश्न प्राप्त हुए, कितने का उत्तर भेजा गया तथा कितने प्रश्न लम्बित है के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ प्रखंड विकास पदाधिकारी भेजना सुनिश्चित करेंगें ।

[26] आवेदन-पत्र पंजी :-

प्रखंड स्तर पर प्राप्त होनेवाले आवेदन-पत्रों केलिए आवेदन पत्र पंजी संधारित है । बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली

क्र०पृ०30-18 ...

के नियम 27 के अनुसार एक पंजी का संधारण किया जाना है, जिसमें जितने आवेदन पत्र प्रखंड स्तर पर प्राप्त होते हैं, उसकी प्रविष्टि की जानी है । उक्त आवेदन पत्र पर किसे जाँच में दिया गया है एवं उसका क्या फलाफल हुआ, इसका उल्लेख उक्त पंजी में रहना चाहिए । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें तथा समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करना सुनिश्चित करें । आवेदन पत्र पर की गई कार्रवाई की सूचना संबंधित आवेदक को भी दिया जाय ।

{27} माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मामले :-

इस प्रखंड में यह पंजी संधारित नहीं है, जो चिन्ता का विषय है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इसमें माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित पत्रों को अंकित किया जाना है एवं ससमय उसका निष्पादन किया जाना है । प्रधान सहायक इसका अनुपालन सुनिश्चित करें ।

{28} अंकेक्षण :-

इस प्रखंड का वित्त अंकेक्षण वित्तीय वर्ष 1991-92 तक हो चुका है तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 1992-93 के बाद से अद्यतन अवधि के अंकेक्षण हेतु पत्र संख्या 1431 दिनांक 15.11.02 द्वारा अनुरोध किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे वित्तीय वर्ष 1991-92 से संबंधित अंकेक्षण से संबंधित प्राप्त आपत्तियों की गहन समीक्षा कर यह देख लें कि उठाए गए आपत्तियों का निराकरण अबतक बिन्दुवार किया गया है, अथवा नहीं । यदि बिन्दुवार अनुपालन नहीं किया गया है तो उसे एक सप्ताह के अंदर अनुपालन करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे । अंकेक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है. अत: इससे संबंधित प्राप्त आपत्तियों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए ।

{29} भंडार पंजी :-

भंडार पंजी का अवलोकन किया । यह सही ढंग से संधारित नहीं किया गया है । बिहार बोर्ड प्रकीर्ण

क्रमशः0-19 ...

नियमावली के नियम-128 के अनुसार स्टॉक एवं भंडार पंजी का संधारण किया जाना है और इस पंजी में प्रत्येक स्थायी सम्पदा का उल्लेख रहना चाहिए, जिसमें यह स्पष्ट रहेगा कि यह सम्पदा कहाँ से एवं कब कितने लागत पर क्रय किया गया । इस पंजी का भौतिक सत्यापन राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अर्द्धवार्षिक करना है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि इसका संधारण सही ढंग से सुनिश्चित करायें । प्रखंड विकास पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया जाता है कि प्रखंड में संधारित भंडार पंजियों का अद्यतन सत्यापन कर यह संतुष्ट हो लें कि वास्तव में सभी सामान भंडार में उपलब्ध है । इसे मात्र यांत्रिकरूप से संधारित नहीं किया जाय ।

{30} वाहन का लॉग-बुक एवं वाहन का इतिहास पंजी :-

वाहन का लौग बुक का अवलोकन किया । लौग बुक का संधारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है । गाड़ी कितना किलोमीटर चली, गाड़ी कहाँ गयी, कितना तेल खर्च हुआ इसका उल्लेख लोगबुक में रहना अनिवार्य है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इस पंजी का संधारण सही ढंग से कराना सुनिश्चित करें । साथ ही प्रत्येक माह में ब्रेक-अप भी तैयार करना है ताकि व यह पता चल सके कि एक माह में कितना किलोमीटर गाड़ी चली एवं कितना तेल खपत हुआ । वाहन का इतिहास पंजी भी संधारित नहीं है । प्रखंड नाजिर को निर्देश दिया जाता है कि इस पंजी को सही ढंग से संधारित कराना सुनिश्चित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ समर्पित करें ।

{31} आवंटन पंजी :-

यह पंजी प्रत्येक शीर्ष केलिए दो-दो प्रतियों में संधारित किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इसकी एक प्रति कार्यालय में तथा दूसरी प्रति कोषागार में उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे वेतन विपत्र जमा करते समय अद्यतन कर दी जाती है ।

क्रमशः-20 ...

(32) रोकड़ बहीं :-

सामान्य रोकड़ बही टी०सी० फारम-6 में संधारित है एवं दिनांक 10.12.02 तक लिखा गया है। दिनांक 10.12.02 तक इसका अन्त शेष मो० 1,05,28,105=95 रै० है, जिसका शिर्ष बार व्योरा निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	शीर्ष का नाम		अवशेष राशि
1-	विधायक कोष	-	1.58,641=09
2-	सुनिश्चित रोजगार योजना	-	15,74,660=00
3-	प्रधान मंत्री ग्रामीण आ०योजना	-	4,31,700=00
4-	इन्दिरा आवास 80 प्रतिशत	-	39,13.365=10
5-	इन्दिरा आवास 20 प्रतिशत	-	9,22,000=00
6-	सीमा क्षेत्र बिकास योजना	-	7,426=00
7-	2202-शिक्षा एवं स्वास्थ्य	-	36,687=00
8-	2225-छात्रबृति	-	18,757=00
9-	बिभिन्न नि०यो०मद में सूद	-	94,071=00
10-	विभिन्न इ०आ०यो०मद में सूद	-	4,21,222=00
11-	कल्याण योजना मद में सूद	-	52,017=00
12-	राष्ट्रीय बिद्धावस्था पेंशन	-	45,176=00
13-	राष्ट्रीय पोषाहार	-	35,901=00
14-	सांसद कोष	-	6,412=00
15-	2525(ख)सा०बि०	-	19,195=29
16-	2505-एन०आर०ई०पी०	-	6,59,885=49
17-	2525(क)पंचायत	-	27,672=11
18-	जिला योजना	-	18,101=00
19-	एस०जी०एस०वाई०	-	4,11,319=00
20-	दशम बित्त	-	12,000=00
21-	पंचायत निर्वाचन	-	43,349=28

कृ० पृ० उ०-21 ...

22-	अन्नपूर्णा योजना	-	15,468=00
23-	एकादश बित्त आयोग	-	1,34,617=00
24-	बिशेष अंगीभूत योजना	-	3,78,750=00
25-	आर०एल०ई०जी०पी०	-	1,50,000=00
26-	प्रोत्साहन भत्ता	-	377=00
27-	2245-सहायता	-	59,503=00
28-	एन०आर०ई०पी०	-	1,04,745=77
29-	चरवाहा विद्यालय	-	28,011=00
30-	आई०पी०पी०-7	-	7,100=00
31-	बीज	-	88,392=00
32-	राष्ट्रीय मातृत्व अनुदान	-	1,935=00
33-	2015-निर्वाचन	-	1,52,634=36
34-	ट्राइसेम	-	19,950=00
35-	मछुआरा गृह निर्माण	-	77,700=00
36-	आपूर्ति	-	12,559=00
37-	चिकित्सा अनुदान	-	1,934=00
38-	जमानत	-	982=05
39-	आई०आर०डी०पी०	-	32,703=90
40-	847-शिक्षा	-	11,823=65
41-	2230-श्रम एवं नियोजन	-	11,579=80
42-	जे०आर०वाई०सूद	-	20,000=00
43-	20 प्रतिशत जे०आर०वाई०	-	20,434=00
44-	15 प्रतिशत जे०आर०वाई०	-	25,605=00
45-	निजी बोरिंग	-	1,08,150=87
46-	सिंचाई योजना	-	1,14,236=00
